भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

27.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1456 का उत्तर

राष्ट्रीय रेल और परिवहन विश्वविद्यालय

1456. श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः

श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा राष्ट्रीय रेल और परिवहन विश्वविद्यालय (एनआरटीयू) को एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनाने और इसे वास्तव में शीर्ष 500 संस्थानों में से एक के अंतर्गत लाने की प्रधान मंत्री की दृष्टि को प्राप्त करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं;

(ख) क्या रेलवे ने यूजीसी की अधिकार-प्राप्त विशेषज्ञ समिति के समक्ष इसे एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान का टैग देने के लिए प्रस्ताव भेजा है;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में अधिकार-प्राप्त विशेषज्ञ समिति की क्या सिफारिशें हैं;

(घ) क्या तेलंगाना में एनआरटीयू का एक केंद्र स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या आंध्र प्रदेश सरकार ने रेलवे को आंध्र प्रदेश में एक रेलवे विश्वविद्यालय की स्थापना करने को कहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

राष्ट्रीय रेल और परिवहन विश्वविद्यालय के संबंध में दिनांक 27.11.2019 को लोक सभा में श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ और श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी के अतारांकित प्रश्न सं. 1456 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): 26 जुलाई, 2018 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय रेल और परिवहन संस्थान को नई श्रेणी के अंतर्गत मान्य विश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने संबंधी अधिसूचना जारी की गई थी। विश्वविद्यालय का संचालन 5 सितंबर 2018 को 2 पूर्व-स्नातक पाठ्यक्रमों यथा परिवहन प्रौद्योगिकी में बीएससी और परिवहन प्रबंधन में बीबीए के साथ शुरू किया गया था। दूसरा शैक्षणिक सत्र 26 अगस्त 2019 को शुरू किया गया है। 5 वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं:- (i) कॉर्नेल विश्वविद्यालय, अमेरिका (ii) कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बार्कले, अमेरिका, (iii) बर्मिंघम विश्वविद्यालय, ब्रिटेन (iv) रशियन यूनिवर्सिटी ऑफ ट्रांसपोर्ट, मास्को, रूस और (v) सेंट पीटर्सबर्ग राज्य परिवहन विश्वविद्यालय, सेंट पीटर्सबर्ग, रूस।

(ख): जी नहीं।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

(घ): जी नहीं।

(ङ): जी नहीं। राष्ट्रीय रेल और परिवहन संस्थान वडोदरा, गुजरात में स्थापित किया गया है।

*****

Sk